प्रसार भारती

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.10 शुक्रवार** **दिनांक 27.03.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– केन्द्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की।

2– खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स के तीसरे दिन आज छत्तीसगढ़ के तीन तैराकों ने पदक हासिल किए।

3– छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी ने वर्ष दो हजार पच्चीस की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी किया।

4– रामनवमी का पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**अब समाचार विस्तार से .....**

<u>केन्द्र सरकार–पेट्रोल–डीजल</u>

केन्द्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। सोशल मीडिया पोस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है।

वित्त मंत्री ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैठक बुलाई है। इसमें यह निर्णय लिया गया कि वैश्विक स्थिति के कारण पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की कीमतों में वृद्धि नहीं होनी चाहिए।

**आज इस निर्णय के कारण सप्लाई कमी नहीं होगा। जनता को डीजल भी पेट्रोल भी क्रूड भी मिलेगा और एटीएफ बहुत इम्पोटेंट है भारत देश का एटीएफ और हमारे कम्पनियों को एक एटीएफ मिलना आवश्यक है। मान्य प्रधानमंत्री जी ने इमर्जेंसी में एक मीटिंग बुलाई और इस विषयों के ऊपर चर्चा गोष्टि करके तुरंत निर्णय किया।**

लॉकडाउन की अफवाहों को निराधार बताते हुए श्रीमती सीतारमण ने लोगों को आश्वस्त किया कि कोविड महामारी के दौरान लागू किए गए लॉकडाउन जैसा कोई लॉकडाउन नहीं होगा।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में की गई कटौती के निर्णय का स्वागत किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम पश्चिम एशिया संघर्ष पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत करेंगे और राज्यों की तैयारियों तथा योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

केन्द्र सरकार–एलपीजी

केन्द्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को बढ़ाकर सत्तर प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इसमें से बीस प्रतिशत आवंटन इस्पात, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और अन्य श्रम प्रधान उद्योगों को दिया जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी घोषणा करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि इसका उद्देश्य वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि उन उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां पाइपलाइन गैस विकल्प नहीं है। श्री पुरी ने कहा कि जहां दुनिया के अन्य देश चार दिन के कार्य सप्ताह, स्कूल और कार्यालय बंद करने और ईंधन की कीमतों में बीस से तीस प्रतिशत की वृद्धि जैसे कई उपाय कर रहे हैं। वहीं, भारत ऊर्जा सुरक्षा, उपलब्धता और सामर्थ्य का एक उत्कृष्ट उदाहरण बना हुआ है।

रेलवे–पुल निर्माण/स्पेशल ट्रेन

रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशभर में पुल–पुलिया निर्माण के निर्देश दिए हैं। रेल मंत्री ने अधिकारियों से अगले पांच–छह वर्षों में इस कार्य को पूर्ण करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि ये पुल–पुलिया इस प्रकार से बनाई जाएं, ताकि पटरियों के आर–पार इनका निर्माण मात्र बारह घंटे में हो सके। रेल मंत्री ने कहा कि पुल–पुलिया का डिज़ाइन इस प्रकार बनाया जाए, जिससे जल भराव से आवागमन प्रभावित न हो।

इस बीच, रेलवे ने गर्मियों के दौरान यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए दुर्ग से हरिद्वार के बीच ग्यारह–ग्यारह फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। इस ट्रेन का परिचालन उन्नीस अप्रैल से अट्ठाईस जून तक प्रत्येक रविवार को किया जाएगा।

साइबर फ्रॉड–आरोपी गिरफ्तार

रायपुर पुलिस ने तीन जगहों पर अवैध कॉल सेंटर खोलकर अमेरिका के लोगों से ठगी करने वाले बयालीस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी गुजरात, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, बिहार, मेघालय हरियाणा और पंजाब के रहने वाले बताए गए हैं। आरोपियों के दो सरगना गुजरात में बैठकर इस पूरे गिरोह का संचालन करते थे। आरोपी ठगी की घटना को अंजाम देने के लिए चीन के आरोपियों से मदद लेते थे।

मिली जानकारी के अनुसार एंटी क्राइम एण्ड साइबर टीम को सूचना मिली थी कि गंज थाना क्षेत्र स्थित एक कॉम्प्लेक्स के दूसरे और तीसरे तल में कुछ लोगों द्वारा अवैध कॉल सेंटर चलाया जा रहा है। एंटी क्राइम एण्ड साइबर टीम ने आरोपियों को कॉल सेंटर का संचालन करते हुए रंगेहाथों पकड़ा। जांच के दौरान लोन से संबंधित दस्तावेज, स्क्रिप्ट, फर्जी अरेस्ट वारंट समेत अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। आरोपियों ने बताया कि न्यू राजेंद्र नगर, रिंग रोड नंबर–एक स्थित एक टॉवर से भी कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है। पुलिस की संयुक्त टीम ने वहां भी छापेमार कार्रवाई कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पीएससी–परिणाम

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी ने वर्ष दो हजार पच्चीस की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें मुख्य परीक्षा के लिए तीन हजार नौ सौ इक्कीस अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य परीक्षा सोलह से उन्नीस मई के बीच होगी।

खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स

खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स के तीसरे दिन आज छत्तीसगढ़ के तीन तैराकों ने पदक हासिल किए हैं। राज्य की अनुष्का भगत ने महिला वर्ग की पचास मीटर तैराकी की ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में रजत और निखिल खलखो ने इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता है। वहीं, न्यासा पैकरा ने सौ मीटर तैराकी के बटरफ्लाई वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में अनुष्का भगत ने कहा कि अब उनकी इच्छा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में देश को पदक दिलाने की है।

**होल्ड बाईट – अनुष्का भगत (15 सेकेंड)**

वहीं, निखिल खलखो ने कहा वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं।

**होल्ड बाईट – निखिल खलखो (15 सेकेंड)**

आज फुटबॉल के महिला वर्ग के ग्रुप स्टेज मुकाबले में झारखंड ने असम को एक के मुकाबले नौ गोलों से हरा दिया है। एक अन्य मैच में गुजरात ने आंध्रप्रदेश को शून्य के मुकाबले पच्चीस गोलों से मात दी है। इसके अलावा आज रायपुर में वेटलिफ्टिंग और हॉकी के मुकाबले भी हो रहे हैं। वहीं, कल से सरगुजा संभाग के अंबिकापुर मुख्यालय में कुश्ती की प्रतियोगिता शुरू होगी।

भारतीय खेल प्राधिकरण के उप महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन किया जा रहा है।

**होल्ड बाईट – मयंक श्रीवास्तव ( 15 सेकेंड)**

<u>रामनवमी</u>

---

रामनवमी का पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं।

रामनवमी के मौके पर आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्थित राम मंदिरों में भगवान श्रीराम की पूजा–अर्चना की जा रही है। अनेक स्थानों पर आज शोभायात्राएं भी निकाली जा रही हैं। राजधानी रायपुर के दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

इस बीच, नवरात्रि पर्व के नौवें दिन आज रायपुर स्थित मां महामाया मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना की गई। इस अवसर पर कई जगह हवन, कन्या भोजन और भंडारे का आयोजन भी किया गया। साथ ही गाजे–बाजे और जसगीत के साथ जोत और जंवारा विसर्जन भी किया जा रहा है।

<u>गांजा–आरोपी गिरफ्तार</u>

---

महासमुंद जिले में एन्टी नारकोटिक टास्क फोर्स और सिंघोड़ा थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गांजा तस्करी करने वाले छह अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से एक करोड़ बारह लाख रूपए से अधिक का सवा दो क्विंटल गांजा जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों से एक पिकअप वाहन, कार और छह मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बातों–बातों–में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **छत्तीसगढ़ में चल रहे खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स पर केन्द्रित रहेगा।** इस कार्यक्रम का प्रसारण कल अट्ठाईस मार्च को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल..

मौसम विभाग के अनुसार आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में हल्की वर्षा, गरज–चमक और अंधड़ चलने की संभावना है। खासतौर पर मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में बारिश का असर अधिक देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग द्वारा एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने की चेतावनी दी गई है।

इस बीच, राजधानी रायपुर और सहित कुछ स्थानों में आज दोपहर बारिश होने के समाचार मिले हैं। वहीं, महासमुंद में ओलावृष्टि हुई है।

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालय अट्ठाईस, उनतीस और इकतीस मार्च को अवकाश के दिनों में भी सामान्य कार्यदिवसों की तरह खुले रहेंगे।

– राज्य सरकार ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आईजी रतन लाल डांगी को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उनके आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद की गई है।

– बिलासपुर एसीबी की टीम ने मुंगेली जिले के अचानकमार टाइगर रिजर्व के सुरही रेंज में पदस्थ रेंजर पल्लव नायक और डिप्टी रेंजर मनीष श्रीवास्तव को पचास हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

---